दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 26

## देश भर में सीएपीएफ कर्मियों के आश्रितों के लिए 26 एमबीबीएस और 3 बीडीएस सीटें आरक्षित : अमित शाह

नई दिल्ली । आरएनएस

गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के राष्ट्रीय पुलिस मेमोरियल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने देश की सुरक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही देश की सुदूर तक फैली सीमाओं की सुरक्षा करने के लिए सभी बलों का आभार भी जताया।

उन्होंने कहा, पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बधाई देता हूं। आज देश के विभिन्न इलाकों और जगहों पर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले अलग-अलग बल के जवानों को मैं श्रद्धांजलि देता हूं। मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि यहां आकर अमर जवानों को श्रद्धांजलि देने का मुझे मौका मिला। यही हमारे जवान हैं कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और कच्छ से लेकर किबिथू तक फैली हमारी सीमाओं को सुरक्षित रखते हैं।

केंद्रीय पुलिस बलों के लिए किए गए कामों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा, हमने 113 बैरकों को मंजूरी दी है और 24 मार्च तक 11276 घरों और 111 बैरकों का निर्माण पूरा हो चुका है। हमने सीएपीएफ ई आवास वेब पोर्टल के माध्यम से खाली घरों को आवंटित करने का भी काम किया है। प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना हमारे पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए वरदान साबित हुई है और सीएपीएफ कर्मियों के आश्रितों के लिए 26 एमबीबीएस और 3 बीडीएस सीटें आरक्षित की गई हैं। केंद्रीय अनुग्रह राशि में वृद्धि और एकमुश्त मुआवजा देने से हमारे युवाओं के परिवारों को राहत मिली है। हमने विकलांगता अनुग्रह राशि में और वृद्धि करके भी इस दिशा में काम किया है।



उन्होंने कहा, हमारे पुलिसकर्मी, विशेषकर सभी सीएपीएफ कर्मी, कानून व्यवस्था की स्थिति और देश की सुरक्षा को संभालने के अलावा और भी कई काम करते हैं। आज मैं देश के लोगों को बताना चाहता हूं कि 2019 से लेकर 2024 तक हमारे सीएपीएफ के जवानों ने करीब 5 करोड़ 80 लाख 90 हज़ार पौधे लगाए हैं और उन्हें अपने बच्चों की तरह पालने और बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। सरकार के एक प्रोग्राम के माध्यम से सभी सीमावर्ती जिलों में भारत सरकार और राज्य सरकार की सभी योजनाओं को नागरिकों तक पहुंचाने का काम भी किया जा रहा है। साथियों आज वो दिन है, जब हमें अपने सभी शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि देता हूं, उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और आज मैं उन शहीद पुलिस जवानों के परिवारों को विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि आपके परिजनों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। देश की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और 2047 में देश एक विकसित राष्ट्र बनेगा और उस समय भी जब आज़ादी की शताब्दी मनाई जाएगी, तब भी एक पुण्य राष्ट्र आपके परिजनों के बलिदान को नमन करके उन्हें हमेशा याद रखेगा। आज एक बार फिर श्रद्धांजलि के माध्यम से अब तक बलिदान देने वाले सभी हजारों पुलिसकर्मियों को मैं श्रद्धांजलि देता हूं।

### जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने नाकाम की बड़ी साजिश, सेना ने मार गिराया आतंकी; युद्ध जैसे हथियार बरामद

**बारामुला (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले में सुरक्षाबलों ने एक बड़े आतंकवादी हमले को नाकाम करते हुए एक आतंकी को मार गिराया है। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ है, जिससे यह साफ होता है कि आतंकी बड़ी साजिश रच रहे थे। सुरक्षाबलों के एक अधिकारी ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर बारामुला और उरी सेक्टर में संयुक्त अभियान चलाया गया था। मुठभेड़ के दौरान आतंकी ने सुरक्षाबलों पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया गया। मारे गए आतंकी के पास से एक एके-47 राइफल, कई मैगजीन और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद बरामद हुआ है। सेना के बयान में कहा गया है कि इस जखीरे को देखकर ऐसा लग रहा था जैसे किसी युद्ध की तैयारी के लिए सामान जुटाया जा रहा है। इससे पहले, गांदरबल जिले में आतंकवादियों ने मजदूरों पर हमला कर दिया था, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे कायराना हरकत बताया है। गांदरबल के गगनगीर इलाके में एक सुरंग निर्माण स्थल पर काम कर रहे मजदूरों पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी। इस हमले में एक स्थानीय डॉक्टर सहित कई लोग मारे गए थे। इन घटनाओं के बाद सुरक्षाबल पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट पर हैं। सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एलएसी पर पेट्रोलिंग के लिए भारत और चीन के बीच बनी सहमति, विदेश मंत्रालय ने जारी किया बयान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत और चीन के बीच लंबे समय से जारी सीमा विवाद में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है। दोनों देशों के अधिकारियों के बीच हुई हालिया बातचीत के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पेट्रोलिंग को लेकर एक नई सहमति बनी है। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस समझौते से दोनों देशों की सेनाओं के बीच सीमा पर चल रहे तनाव में कमी आने की उम्मीद है। मिस्री ने कहा, हम चीन के साथ पेट्रोलिंग के मुद्दों पर चर्चा के बाद एक अहम समझौते पर पहुंच गए हैं। इस समझौते के सीमा पर दोनों देशों के बीच जारी स्टैंड ऑफ में कमी आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पिछले कई सप्ताहों से जारी बातचीत के बीच अंतत: हम वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पेट्रोलिंग के लिए एक निश्चित व्यवस्था पर पहुंचे हैं। इस समझौते के जरिए हमें 2020 सीमा पर जारी तनाव को कम करने में मदद मिलेगी। यह समझौता मुख्य रूप से देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों में पेट्रोलिंग को लेकर है। इन क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से दोनों देशों की सेनाएं आमने-सामने थीं।

### अमेरिका में रेडियो टॉवर से टकराकर हेलीकॉप्टर क्रैश, फिर विस्फोट के बाद ढह गई इमारत; 4 की मौत

**ह्यूस्टन ।** अमेरिका के ह्यूस्टन में एक भीषण हादसा हुआ। टेक्सास राज्य के सबसे बड़े शहर में एक रेडियो टावर से टकरा कर हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। ह्यूस्टन के मेयर जॉन व्हिटमायर ने हादसे की पुष्टि की। जॉन व्हिटमायर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि हेलीकॉप्टर बीती रात को दुर्घटनाग्रस्त हुआ। इस हादसे के दौरान बिल्डिंग में बड़ा विस्फोट हुआ और इमारत ढह गई। ह्यूस्टन के मेयर ने बयान में कहा, इस हादसे के बाद सभी स्थानीय निवासी सुरक्षित हैं, लेकिन दुर्घटना स्थल पर भयानक हालात है। हादसे में मारे गए लोग रॉबिन्सन आर44 हेलीकॉप्टर में सवार थे। डियाज ने कहा कहा कि आज रात एक दुखद घटना घटी है, जिसमें लोगों की जान चली गई। वहीं, मेयर ने कहा कि हादसे का शिकार हुआ हेलीकॉप्टर एलिंगटन एयरपोर्ट से रवाना हुआ था। हालांकि, उसके गंतव्य के बारे में ज्यादा नहीं जानकारी नहीं है।

### म्यांमार : यात्री नौका पलटने से आठ लोगों की मौत, 18 लापता

**यांगून ।** दक्षिणी म्यांमार में एक यात्री नौका पलट गई। इस हादसे में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 18 लोग लापता बताए जा रहे हैं। मायिक अग्निशमन सेवा विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि 11 घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब 9:15 बजे तनिन्थयी क्षेत्र में मायिक जिले के पलाव कस्बे में हुई। अधिकारी ने बताया कि बताया कि यह दुर्घटना स्ट्रॉन्ग भंवर की वजह से हुई। इसने नौका को पलट दिया। उन्होंने कहा, क्षेत्र में खराब मौसम और इंटरनेट कनेक्टिविटी के कारण हमें आगे की जानकारी प्राप्त करने में परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि मृतकों और लापता लोगों की संख्या बढ़ सकती है। बचाव और खोज अभियान अभी भी जारी है।

## जब नाले से बहने लगे 500 के नोट, लूटने वालों की मची होड़, लोगों ने बटोरे 2.5 लाख रुपए

सांगली । आरएनएस

महाराष्ट्र के सांगली जिले के आटपाडी में एक अजीबोगरीब घटना हुई है। यहां अंबाबाई नाले में 500-500 रुपये के नोट बहते हुए मिले। इस खबर के फैलते ही लोग नोट बटोरने के लिए नाले में कूद पड़े। अनुमान है कि लोगों ने करीब 2 से 2.5 लाख रुपये एकत्र किए हैं।



शनिवार को आटपाडी में साप्ताहिक बाजार लगा हुआ था। इसी दौरान कुछ लोगों ने नाले में 500 रुपये के नोट बहते हुए देखे। यह खबर आग की तरह फैल गई और लोग नोट बटोरने के लिए नाले की ओर दौड़ पड़े।

सूचना मिलते ही आटपाडी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को नाले से बाहर निकाला और बाकी बचे हुए नोटों को जब्त कर लिया। हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि ये नोट कहां से आए और नाले में कैसे पहुंचे। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

इस घटना के पीछे कई सवाल उठ रहे हैं। जैसे कि, ये नोट कहां से आए? इन्हें नाले में किसने और क्यों डाला? क्या यह कोई जानबूझकर किया गया कृत्य है? पुलिस इन सभी सवालों के जवाब ढूंढने की कोशिश कर रही है। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। लोग इस अजीबोगरीब घटना के बारे में तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। कुछ लोग मानते हैं कि यह कोई चमत्कार है, तो कुछ लोग इसे किसी साजिश से जोडक़र देख रहे हैं।

## पीएम मोदी डिग्री मामला : सुप्रीम कोर्ट से केजरीवाल को बड़ा झटका, समन को रद्द करने वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली । आरएनएस



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री मामले में बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मानहानि के इस मामले पर रोक लगाने की उनकी मांग को खारिज कर दिया है, जिससे अब केजरीवाल के खिलाफ गुजरात में आपराधिक मानहानि का मामला चलता रहेगा। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने निचली अदालत से जारी समन को चुनौती देते हुए मामले में रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इससे पहले, गुजरात हाईकोर्ट ने भी उनकी इस मांग को अस्वीकार कर दिया था।

इससे पहले, अप्रैल 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने आप नेता संजय सिंह की समान मांग को भी ठुकरा दिया गया था और अब केजरीवाल की याचिका भी अस्वीकार कर दी गई है। बता दें कि गुजरात यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार पीयूष पटेल ने अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह की टिप्पणियों के खिलाफ मानहानि का मामला दायर किया है। अरविंद केजरीवाल ने मांग की थी कि उनके खिलाफ चल रहे मानहानि के मामले पर रोक लगाई जाए।

जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट की एक अन्य बेंच ने इसी मामले में आठ अप्रैल को संजय सिंह की याचिका को खारिज कर दिया था। बेंच ने कहा कि हमें समान दृष्टिकोण अपनाना होगा। इससे पहले, गुजरात हाईकोर्ट ने फरवरी में संजय सिंह और अरविंद केजरीवाल की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। याचिका में उन्होंने मामले में उनके खिलाफ जारी समन को रद्द करने की अपील की थी।

सिंह और केजरीवाल ने गुजरात यूनिवर्सिटी की ओर से दायर मामले में निचली अदालत द्वारा दायर समन और उसके बाद सत्र न्यायालय से जारी समन के खिलाफ उनकी पुनरीक्षण याचिकाओं को खारिज करने के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में हुई 10वीं गिरफ्तारी, शूटरों को मुहैया करवाए थे हथियार; राजस्थान का रहने वाला है आरोपी

मुंबई । आरएनएस

मुंबई के बांद्रा में हाल ही में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुंबई पुलिस ने बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह 10वीं गिरफ्तारी है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने नवी मुंबई के बेलापुर से बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में आरोपी भागवत सिंह (32) को गिरफ्तार किया है। वह मूल रूप से राजस्थान के उदयपुर का रहने वाला है।

सूत्रों के मुताबिक, भागवत सिंह हमले के दिन तक मुंबई के बीकेसी इलाके में रह रहा था। जांच के दौरान यह सामने आया कि भागवत सिंह ने ही शूटरों को हथियार उपलब्ध कराए थे। रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां उसे 26 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।



इससे पहले बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में शुक्रवार को मुंबई की क्राइम ब्रांच ने पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसी के साथ गिरफ्तार आरोपियों की संख्या नौ हो गई थी। लेकिन एक और नई गिरफ्तारी के बाद बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 10 हो गई है।

बता दें कि एनसीपी के वरिष्ठ नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर की देर शाम को बांद्रा में बेटे जीशान सिद्दीकी के दफ्तर के बाहर गोलियां मारी गई थीं। इसके बाद उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है।

वहीं, बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को धमकी भरा मैसेज मिलने के बाद उनके बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर सुरक्षा व्यवस्था को सख्त कर दिया गया है। गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर लगभग 30 पुलिसकर्मी हाई टेक हथियारों के साथ तैनात किए गए हैं। गैलेक्सी अपार्टमेंट के आसपास पुलिस के जवान एके-47 जैसे घातक हथियारों के साथ मौजूद हैं।

## 10 बिस्वा जमीन नाम न करने पर बेटे ने पिता की ईंट से वार कर की हत्या

उन्नाव । आरएनएस

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भांडी गांव में रहने वाले एक बेटे ने अपने ही पिता को जमीन न देने को लेकर ईंट से सिर पर वार कर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी बेटे ने ही पुलिस को सूचना दी और कहा उसके बड़े भाई ने पिता की हत्या कर दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तो सूचना देने वाले बेटे को हिरासत में लिया है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आरोपी से पूछताछ के साथ ही दूसरे भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

जानकारी के अनुसार भांडी गांव के रहने वाले शिवनारायण दीक्षित (92)पुत्र स्व. सुंदर दास के पांच बेटे गोपाल, सुनील, सोनू, दीपू, संदीप है। रविवार की भोर पहर छोटे बेटे संदीप ने पिता से अपने हिस्से की आठ बिस्वा जमीन अपने नाम करने को कहा इसको लेकर पिता ने इस बात का विरोध किया और कहा कि हमारे न रहने के बाद सभी बेटों को जमीन मिल जाएगी। इस बात से आक्रोश होकर संदीप ने पास पड़े एक ईंट से पिता के सिर पर कई वार कर दिए और उनकी मौत हो गई। घटना के बाद संदीप दीक्षित ने अजगैन थाना पुलिस की जानकारी दी कि उसके बड़े भाई ने पिता की हत्या कर दी है। हत्या की सूचना पर अजगैन कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दूसरे बेटे सुनील से पूछताछ की तो उसने बताया कि संदीप नहीं हत्या करने के बाद घटना की जानकारी दी है। इसके बाद पुलिस ने संदीप को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। सुनील ने बताया कि संदीप की पत्नी विवाद के चलते उसे छोडक़र चली गई नशे का आदी था आए दिन शराब पीने को लेकर पिता से विवाद करता था। उसके दो भाई लखनऊ में रहकर नौकरी करते हैं और गोपाल दिल्ली में काम करता है। पुलिस में एक बेटे की तैयारी के आधार पर हत्यारोपी संदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधि कार्रवाई शुरू की है मृतक शिवनारायण के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## उमेश पाल हत्याकांड में नया मोड़ : गुड्डू मुस्लिम सहित तीन आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

प्रयागराज । आरएनएस

प्रयागराज के उमेश पाल हत्याकांड में एक नया मोड़ आ गया है। इस मामले में कुख्यात बमबाज गुड्डू मुस्लिम, अरमान बिहारी और साबिर के खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल की गई है। इन तीनों आरोपियों पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम घोषित है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें, 24 जनवरी 2023 को उमेश पाल और उसके दो सरकारी गनर की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। गुड्डू मुस्लिम, अरमान बिहारी और साबिर हत्या के बाद से ही फरार चल रहे थे। अब इन तीनों के खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। इस मामले में एससीएसटी एक्ट की धारा भी जोड़ी गई है। इस मामले में माफिया अतीक अहमद, उसकी पत्नी शाइस्ता, उसके बेटे और अन्य कई लोग भी आरोपी हैं।



पुलिस ने इस मामले में कई मुठभेड़ें की और कई आरोपियों को ढेर किया। कई आरोपियों की संपत्ति कुर्क की गई। अब तक इस मामले में कई चार्जशीट दाखिल की जा चुकी हैं। इस मामले में कोर्ट में मुकदमा चल रहा है।

उमेश पाल की हत्या के अगले उनकी पत्नी जया पाल ने अतीक अहमद, अशरफ अहमद, शाइस्ता, असद के साथ ही शूटर अरमान, गुलाम, गुड्डू मुस्लिम और साबिर के खिलाफ केस दर्ज किया था। इनमें से अतीक और अशरफ समेत छह आरोपी मारे जा चुके हैं। शाइस्ता और गुड्डू मुस्लिम समेत तीन आरोपी अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

## जमीन पर सो रही मां और दो बच्चों को सांप ने काटा, इलाज के दौरान तीनों की मौत

हापुड । आरएनएस

उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले से दर्दनाक खबर सामने आई है। बहादुरगढ़ थाना इलाके में एक महिला और उसके दो बच्चों की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। गांव में एक साथ तीन मौत से कोहराम मचा हुआ है। एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से बात कर मदद का आश्वासन दिया है।

जानकारी के अनुसार, बहादुरगढ़ थाना इलाके के गांव सदरपुर में रहने वाला रिंकू सिंह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है। सर्प दंश से मजदूर रिंकू सिंह की पत्नी पूनम (30), बेटी साक्षी (12) और बेटे कनिष्क (9) की मौत हो गई।



बताया गया है कि रिंकू सिंह के परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। पूनम, बेटी और बेटा रविवार की रात घर पर जमीन पर बिस्तर लगा कर सो रहे थे। देर रात घर में सांप ने कनिष्क के हाथ, साक्षी की पिंडली और पूनम के हाथ की अंगुली में काट लिया। रिंकू दूसरे कमरे में सो रहा था, देर रात करीब तीन बजे उसकी आंख खुली। वह बाहर आया तो पत्नी और बच्चों के मुंह से झाग निकलते देख उसके होश उड़ गए। पड़ोसियों की मदद से उसने तीनों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने दोनों बच्चों को मेरठ के लिए रेफर कर दिया। यहां चिकित्सकों ने बच्चों को मृत घोषित कर दिया।

**झांड-फूंक भी नहीं आई काम**

डॉक्टर द्वारा बच्चों को मृत घोषित करने के बाद भी परिजन मानने के लिए तैयार नहीं हुए, रिंकू और उनके परिजन बच्चों को बुलंदशहर जिले के स्याना क्षेत्र में झांड-फूंक करने वालों के पास भी ले गए, लेकिन वहां भी कोई फायदा नहीं हो सका। वहां से भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा।

इस दौरान पूनम का उपचार स्थानीय अस्पताल में चलता रहा। चिकित्सकों ने उन्हें बचाने की भरसक कोशिश की, लेकिन दोपहर को पूनम की भी मौत हो गई।

**मोहल्ले के घरों में नहीं जले चूल्हे**

सर्प दंश से महिला और दो बच्चों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं ग्रामीणों में भी शोक की लहर है। शोक में मोहल्ले के घरों में भी सोमवार को चूल्हे नहीं जले।

**एसडीएम, तहसीलदार ने दी परिजनों को सांत्वना**

सूचना मिलते ही एसडीएम साक्षी शर्मा, तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने मृतकों के परिजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

*सर्प दंश से एक ही परिवार में तीन लोगों की असमय मौत बेहद दुखद मामला है। घटना के संबंध में उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जा रही है। मृतकों के परिजनों को हर संभव मदद दिलाई जाएगी।*

***- साक्षी शर्मा, एसडीएम***